<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–11 जून 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करने के बाद श्री नरेन्द्र मोदी ने कल जारी की पीएम किसान सम्मान निधि की सत्रहवीं किस्त।
- नवगठित केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुयी पहली बैठक। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त घर बनाने का लिया गया फैसला।
- प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद श्री नरेन्द्र मोदी अट्ठारह जून को पहली बार आयेंगे अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी। किसान सम्मेलन को करेंगे सम्बोधित।
- जम्मू कश्मीर में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले में बलरामपुर के दो लोगों सहित दस लोगों की मौत। वाराणसी, गोंडा और बलरामपुर के कई लोग हुए घायल।
- प्रदेश में भीषण गर्मी को प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने आज से तीन दिन के लिये जारी किया लू का रेड अलर्ट।

**********

तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री नरेन्द्र मोदी ने कल किसान सम्मान निधि की सत्रहवीं किस्त जारी की। निधि के रूप में बीस हजार करोड़ रूपये जारी कर उन्होंने नौ करोड़ तीस लाख किसानों को इस योजना से लाभान्वित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में उनकी सरकार, कृषि क्षेत्र और किसान कल्याण के लिए और प्रतिबद्धता से कार्य करेगी। ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

***पीएम–किसान योजना की शुरुआत 2019 में की गई थी। इस योजना का उद्देश्य, देश भर के सभी भूमिधारक किसान परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत सभी पात्र किसान परिवारों को, प्रति वर्ष छह हजार रुपये का वित्तीय लाभ प्रदान किया जाता है। यह राशि किसानों को दो–दो हजार रुपये की तीन किश्तों में दी जाती है। पीएम किसान योजना के तहत, शत–प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा, सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है। इस योजना से अब तक 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को लाभ हुआ है और उनके बैंक खातों में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशी भेजी जा चुकी हैं। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान निधि की सत्रहवीं किस्त जारी होने पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने लिखा कि तीसरे कार्यकाल के प्रथम दिवस का प्रथम निर्णय अन्नदाता किसान कल्याण को समर्पित। किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करते इस कल्याणकारी निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश के सभी किसान भाइयों–बहनों की ओर से प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नवगठित केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक कल प्रधानमंत्री आवास पर हुई। बैठक में मंत्रिमंडल के सभी सदस्य मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला लिया गया कि पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त घर बनाये जायेंगे। भारत सरकार ने दो हजार पन्द्रह–सोलह में प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की थी। इसके तहत पिछले दस वर्षों में पात्र गरीब परिवारों के लिये कुल चार करोड़ इक्कीस लाख मकान बनाये गये हैं। इन मकानों में केन्द्र और राज्य सरकारों के अन्य योजनाओं के साथ एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन और नल कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाएं दी जाती हैं।

**********

प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ लेने के बाद श्री नरेन्द्र मोदी अट्ठारह जून को पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी जा रहे हैं। अपने एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान वह वाराणसी में किसान सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर कल भाजपा पदाधिकारियों ने पार्टी कार्यालय पर एक बैठक की, जिसमें काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की जानकारी दी। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि किसान सम्मेलन को सम्बोधित करने के बाद प्रधानमंत्री श्रीकाशी विश्वनाथ का दर्शन–पूजन करेंगे और दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में हिस्सा लेंगे।

**********

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। नये आपराधिक कानूनों से मानव तस्करी के विरूद्ध कानूनी ढांचा मजबूत हुआ है। भारतीय न्याय संहिता–बीएनएस दो हजार तेइस में महिलाओं और बाल तस्करी के लिये पीड़ित केन्द्रित दृष्टिकोण है। इसके तहत संगठित अपराध में नये शामिल किये गये अपराधों में किसी व्यक्ति की तस्करी, और वेश्वावृत्ति या फिरौती के लिये मानव तस्करी शामिल है और कड़ी सजा का प्रावधान है। वेश्वावृत्ति के लिये बच्चे को खरीदने के मामले में बढ़ी हुई सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें न्यूनतम सात साल की अनिवार्य सजा है, जिसे चौदह साल तक बढ़ाया जा सकता है। विदेश से व्यक्तियों के आयात के अपराध को लिंग–तटस्थ बनाया गया है। इसमें जबरन या बहकावे से यौन शोषण के उद्देश्य से अट्ठारह वर्ष से कम उम्र के लड़कों और इक्कीस वर्ष से कम उम्र की लड़कियों दोनों के आयात को शामिल किया गया है। मानव तस्करी के उद्देश्य से शोषण अभिव्यक्ति में भिक्षावृत्ति को जोड़ा गया है। बीएनएस दो हजार तेइस में आदतन मानव तस्करी में लिप्त व्यक्ति के लिये बढ़ी हुई सजा का प्रावधान किया गया है।

**********

जम्मू कश्मीर में तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमले में बलरामपुर के दो लोगों समेत दस तीर्थयात्रियों की मौत हो गयी, जबकि तैंतीस लोग घायल हो गये। हादसे में जान गंवाने वालों में बलरामपुर के नया नगर निवासी दो लोग शामिल हैं। वहीं हादसे में बलरामपुर के नौ, वाराणसी के दो और गोंडा के एक व्यक्ति के घायल होने की खबर है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि सभी का जम्मू में उपचार चल रहा है। बलरामपुर की जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए नोडल अधिकारी नामित कर दिया है। इसके साथ ही दो आधिकारी जम्मू भेजे गये हैं। गौतमबुद्धनगर में भी जिला इमरजेन्सी कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का फोन नम्बर भी जारी किया गया है, जिसके माध्यम से सम्पर्क कर के इस सम्बन्ध में कोई भी जानकारी ली जा सकती है। फोन नम्बर है– **शून्य एक दो शून्य–दो नौ सात आठ दो तीन एक** और **शून्य एक दो शून्य– दो नौ सात आठ दो तीन तीन**। उधर, प्रदेश के दो लोगों के मारे जाने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने जम्मू एंड कश्मीर प्रशासन से संपर्क कर घायलों के इलाज की जानकारी ली है।

जम्मू–कश्मीर में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद कहा कि आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा। हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके में जांच अभियान चलाया जा रहा है। उप–राज्यपाल ने मृतकों के निकट परिजन को दस–दस लाख रुपये और घायलों को पचास–पचास हजार रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की।

**********

रामपुर की एमपी–एमएलए स्पेशल कोर्ट ने कल डूंगरपुर बस्ती से जुड़े एक मामले में अपना फैसला सुनाते हुए सबूतों के अभाव में आजम खां समेत सभी आठ आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है। इस प्रकरण से जुड़े दो केस में आजम जहां बरी हो चुके हैं, वहीं दो अन्य मामले में उन पर सजा और जुर्माना लग चुका है। सपा नेता के अधिवक्ता जुबैर खां ने बताया कि विशेष एमपी–एमएलए कोर्ट ने इस मामले में बीते दिनों सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया था। कल आए फैसले में आजम खां समेत सभी आठ आरोपियों को बरी किया गया है। फिलहाल सपा नेता आजम खान सीतापुर की जेल में बंद हैं और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए थे। सपा नेता आजम खां के खिलाफ वर्ष दो हजार उन्नीस में डूंगरपुर बस्ती के लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट, छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में तकरीबन बारह मुकदमे दर्ज कराए थे।

**********

आगामी इक्कीस जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए भारत सरकार का आयुष मंत्रालय सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के जरिये लोगों से योग अभ्यास की अपील कर रहा है। मंत्रालय ने योग के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार दो हजार चौबीस की भी शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य उन नायकों की पहचान करना है जो दुनिया भर में योग के फायदों का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इस पुरस्कार के लिए पात्र लोगों से अधिक से अधिक नामांकन करने की अपील की गयी है।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। इसके चलते लोगों का जन–जीवन प्रभावित हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने आज के लिये गर्मी का ऑरेंज अलर्ट और अगले तीन दिन के लिये रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान पच्चीस से पैंतीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गर्म हवा चलने की आशंका मौसम विभाग ने जतायी है। उधर, बीते छत्तीस घंटों में राजधानी लखनऊ, कानपुर, हरदोई, बस्ती, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा समेत प्रदेश के ज्यादातर जनपदों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। प्रयागराज में प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान पैंतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रहा।

**********